# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891


विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 03 / 25 – 35 ,राँची / दिनांक: 03 / 07 / 2025

## अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)–2025 के परीक्षाफल (Result) एवं परीक्षाफल आधारित नामांकन हेतु आयोजित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय (अंतिम) चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार के आयोजन से संबंधित सूचना

दिनांक–08.06.2025 (रविवार) को आयोजित अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) – 2025 में सम्मिलित हुए परीक्षार्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा का परीक्षाफल पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Result Column पर प्रवेश परीक्षा का नाम चुनकर, दिये गये दिशानिर्देशों का पालन करते हुए अपना परीक्षाफल (Result) डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षाफल को अधिक पारदर्शी बनाने के मद्दे नजर सभी परीक्षार्थियों का Answer OMR Sheet को स्कैन कर उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है जिसे दिनांक– 04.07.2025 से डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही उक्त परीक्षा के चारों सेटों के प्रश्न–पत्रों का उत्तर कुंजी (Answer Key) पर्षद के वेबसाईट पर दिनांक–16.06.2025 को प्रकाशित करते हुए दिनांक–19.06.2025 तक आपत्ति आमंत्रित किया गया। प्राप्त एक–एक आपत्तियों के विरूद्ध विशेषज्ञों का मंतव्य प्राप्त कर आपत्तियों का निराकरण करते हुए अंतिम / संशोधित उत्तर कुंजी (Answer Key) पर्षद के वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है।

2. परीक्षाफल में शामिल धनात्मक अंक धारित अभ्यर्थियों को मेधा–सह–ईच्छा के आधार पर ऑनलाईन साक्षात्कार के माध्यम से सीटों का आवंटन किया जायेगा। नामांकन के समय अभ्यर्थियों को सीट आवंटन के अनुरूप वांछित प्रमाण–पत्र / पत्रों की मूल–प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा वे नामांकन से वंचित हो जायेगें। वांछित प्रमाण–पत्रों के प्रारूप सूचना विवरणिका / पर्षद के वेबसाईट के "Download" कॉलम में उपलब्ध है।

3. शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के लिये उपलब्ध सीटों की संस्थानवार / कोटिवार / कोटावार सीटों की विवरणी http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Download Column पर देखा जा सकता है।

4. सीट आवंटन हेतु अभ्यर्थियों द्वारा पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Click Here for All Online Counselling JCECEB-2025 " Link में Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए विकल्पों को भरा जाना है। विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों को भरें।

5. **साक्षात्कार शुल्कः**– अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क, Payment Gate way के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non – refundable) होगा :–

| Sl. No. | Category | Counselling Fee |
|---|---|---|
| 1. | General/EWS/BC-I/BC-II | Rs. 400.00 |
| 2. | SC/ST/Female Candidate of all Categories | Rs. 250.00 |

6. **सुरक्षित राशिः**– निदेशालय, तकनीकी शिक्षा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, झारखण्ड सरकार के पत्र संख्या DTESecl/JCECEB-2/2020/HTESD-680 दिनांक–26.06.2023 के अनुपालन में अभ्यर्थियों को निम्नानुसार सुरक्षित राशि को जमा करना अनिवार्य होगा।

| Sl.No. | Category of the Candidate | Security Deposit (In Rs.) |
|---|---|---|
| 1 | ST/SC/Female of all categories | 2000.00 |
| 2 | BC-I/BC-II/EWS | 3500.00 |
| 3 | General | 5000.00 |

झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (JCECEB) द्वारा आयोजित साक्षात्कारों में अंतिम साक्षात्कार के पूर्व अभ्यर्थी अपना आवंटित सीट का त्याग कर सकते है। उक्त स्थिति में उनका सुरक्षित राशि (Security Deposit) झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (JCECEB) द्वारा उनके खाते में वापस कर दिया जायेगा।

अंतिम साक्षात्कार में अभ्यर्थी यदि अपने आवंटित सीट पर नामांकन नहीं कराते है या नामांकन के पश्चात् सीट का त्याग करते है, तो उक्त स्थिति में उनकी सुरक्षित राशि (Security Deposit) पर्षद कार्यालय द्वारा वापस नहीं की जायेगी।

वैसे अभ्यर्थी, जिन्हें अंतिम साक्षात्कार के पूर्व झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (JCECEB) द्वारा पूर्व आयोजित किये गये साक्षात्कार/साक्षात्कारों में सीट आवंटित होती है, किन्तु उनके द्वारा नामांकन नहीं कराने के कारण सीटें रिक्त रहने पर यह निर्णय लिया जाता है कि किसी अभ्यर्थी द्वारा दो बार अनुशंसित होने के उपरांत भी यदि उनके द्वारा नामांकन नहीं कराया जाता है, तो उनकी (Security Deposit) पर्षद कार्यालय द्वारा वापस नहीं की जायेगी।

7. वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम एवं/या द्वितीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार के आधार पर नामांकित हैं तथा रिक्त बचे सीटों पर शाखा एवं/या संस्थान परिवर्त्तन कराना चाहते हैं तो वे क्रमशः द्वितीय एवं/या तृतीय (अंतिम) साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। यदि संबंधित साक्षात्कार/साक्षात्कारों में सीट पुनर्आवंटित होता है तो उन्हें नये आवंटित शाखा एवं/या संस्थान में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनका पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा तथा उनके द्वारा रिक्त किये गये सीट पर किसी दूसरे अभ्यर्थी को मेधा–सह–ईच्छा के आधार पर पर्षद द्वारा अनुशंसित किया जायेगा।

8. प्रथम एवं द्वितीय साक्षात्कार से आवंटित तथा संस्थान में नामांकित अभ्यर्थियों को सुरक्षित राशि (Security Deposit) पुनः देय नही होगा।

9. तृतीय एवं अंतिम साक्षात्कार में आरक्षित सीटों के विरूद्ध अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में आरक्षित सीटों का विनियमन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–02/2019 का0–1434/राँची दिनांक–15.02.2019 द्वारा निर्गत संकल्प के अनुसार किया जायेगा।

10. निर्धारित तिथि तक नामांकन नहीं लेने पर सीट/संस्थान का आवंटन स्वतः रद्द हो जायेगा।

11. काउंसलिंग के समय अभ्यर्थियों द्वारा जमा की गई सुरक्षा राशि, ऑनलाईन काउंसलिंग के अंतिम चरण की समाप्ति के तीन महीने के भीतर अभ्यर्थी और/या संस्थान को वापस कर दी जायेगी।

12. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय (अंतिम) चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार तथा नामांकन से संबंधित प्रमुख तिथियाँ निम्नवत् हैः–

**(A)Time-Schedule for 1st Round Online Counselling for Admission under Lateral Entry in Engineering Course**

| Sl. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Starting Date of Online Registration and Choice Filling for Seat Allotment | 04/07/2025 |
| 2. | Last date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment | 08/07/2025 |
| 3. | Edit in filled up Choices | 09 /07/2025 |
| 4. | Issue of Provisional Seat Allotment Letter | 11/07/2025 to 16/07/2025 |
| 5. | Document Verification and Admission in the Concerned Institute | 12/07/2025 to 16/07/2025 |

**(B)Time-Schedule for 2nd Round Online Counselling for Admission under Lateral Entry in Engineering Course**

| Sl. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Display of Vacant Seat Matrix | 18/07/2025 |
| 2. | Starting Date of Online Registration and Choice Filling for Seat Allotment | 18/07/2025 |
| 3. | Last date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment | 21/07/2025 |
| 4. | Edit in filled up Choices | 22/07/2025 |
| 5. | Issue of Provisional Seat Allotment Letter | 24/07/2025 to 29/07/2025 |
| 6. | Document Verification and Admission in the Concerned Institute | 25/07/2025 to 29/07/2025 |

**(C) Time-Schedule for 3rd&Last Round Online Counselling for Admission under Lateral Entry in Engineering course**

| Sl. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Display of Vacant Seat Matrix | 01/08/2025 |
| 2. | Starting Date of Online Registration and Choice Filling for Seat Allotment | 01/08/2025 |
| 3. | Last date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment | 03/08/2025 |
| 4. | Issue of Provisional Seat Allotment Letter | 05/08/2025 to 10/08/2025 |
| 5. | Document Verification and Admission in the Concerned Institute | 06/08/2025 to 10/08/2025 |

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक